गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
**Guru Jambheshwar University, Moradabad**
*(A State University of Government of Uttar Pradesh)*
**Contact: 05912976525, Email: gjumoffice@gmail.com**

पत्रांक : गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2025 / 3211 दिनांक : 20.12.2025

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय,
मुरादाबाद।

विषयः– कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म समयान्तर्गत भरवाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के कार्यालय ज्ञाप पत्रांक गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2025 / 3168 दिनांक 17.12.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर परीक्षा 2025–26 हेतु कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म ऑनलाईन भरे जाने की अन्तिम तिथि 23.12.2025 एवं महाविद्यालय द्वारा सत्यापित किये जाने की अन्तिम तिथि 26.12.2025 निर्धारित की गई है।

माननीय कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में आपसे पुनः अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित करते हुये समस्त छात्र / छात्राओं का परीक्षा फार्म निर्धारित तिथि तक सावधानीपूर्वक ससमय भरवाते हुये सत्यापित करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें जिससे कि परीक्षा सम्बन्धी अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। यदि आपके महाविद्यालय के किसी छात्र / छात्रा का परीक्षा फार्म भरने एवं सत्यापित करने से छूट जाता है तो इसके लिए सम्बन्धित छात्र / छात्रा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या उत्तरदायी होंगे।

भवदीय
20/12/25
(अमृत लाल)
परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली / मुरादाबाद परिक्षेत्र को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि अपने स्तर से भी निर्देश जारी करने का कष्ट करें।
3. समस्त नोडल अधिकारी, जनपद मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, सम्भल एवं अमरोहा को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि महाविद्यालयों से समन्वय स्थापित कर ससमय परीक्षा फार्म भरवाने में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।
4. कुलसचिव, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद ।
5. वित्त अधिकारी, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
6. गार्ड फाईल।

20/12/25
परीक्षा नियंत्रक